




नवभारत
भोपाल, सोमवार, 1 जून, 2026




# जीतेंद्र हत्याकांड के मुख्य आरोपी धर्मेंद्र की मौत

## सतना जेल में न्यायिक अभिरक्षा में था बंद

**छतरपुर, 31 मई. जिले के बहुचर्चित रेलवे लोको पायलट जीतेंद्र चौरसिया हत्याकांड के मुख्य आरोपी धर्मेंद्र चौरसिया उर्फ डी.के. ( 36 ) की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई. धर्मेंद्र गढ़ीमलहरा के सुभाष वार्ड का निवासी था और हत्या के इस चर्चित मामले में गिरफ्तारी के बाद सतना जेल में न्यायिक अभिरक्षा में बंद था.**

> पुलिस के अनुसार जीतेंद्र को घूमने के बहाने बुलाया गया, शराब पिलाई गई और नींद की दवा देकर बोलेरो वाहन से पन्ना जिले की ओर ले जाया गया .रास्ते में जब उसे साजिश का संदेह हुआ और उसने विरोध किया, तब पवई क्षेत्र के चांदसी घाट पर धर्मेंद्र ने उसके सिर में गोली मार दी .हत्या के बाद शव को घाटी में फेंक दिया गया था . जांच के दौरान पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार, बोलेरो वाहन, मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज बरामद किए थे .वर्तमान में मामले के आरोपी गुलाब सिंह यादव और नीरज चौरसिया जमानत पर हैं, जबकि पवन प्रजापति अभी भी जेल में बंद है .मुख्य आरोपी धर्मेंद्र की मौत के बाद यह मामला एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है।

**फिरौती के लिए अपहरण और हत्या के आरोप में चल रहा था मुकदमा**

बताया गया है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.रविवार को उसका अंतिम संस्कार गढ़ीमलहरा में किया गया. उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर 2024 को गढ़ीमलहरा निवासी रेलवे लोको पायलट जीतेंद्र चौरसिया रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे.बाद में पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि उनके बचपन के मित्र धर्मेंद्र चौरसिया ने अपने साथियों गुलाब सिंह यादव, पवन प्रजापति और चचेरे भाई नीरज चौरसिया के साथ मिलकर उनका अपहरण किया था. आरोपियों की योजना जीतेंद्र के परिवार से एक करोड़ रुपये की फिरौती वसूलने की थी.

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो मौसेरे भाइयों की मौत

## ■ बगमऊ के पास देर रात हुआ भीषण हादसा ■ दो अन्य लोग घायल ■ पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, 31 मई.** लवकुशनगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए.बगमऊ गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.

**▸ हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा**

जानकारी के अनुसार पीरा टहनगा निवासी सुरेश अहिरवार (36) पिता हिरूआ अहिरवार और हीरा अहिरवार (46) पिता ठकुरा अहिरवार शनिवार रात करीब 10 बजे परसनियां से अपने गांव लौट रहे थे.इसी दौरान बगमऊ के समीप सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई.टक्कर इतनी भीषण थी कि हीरा अहिरवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. गंभीर रूप से घायल सुरेश अहिरवार को तत्काल लवकुशनगर अस्पताल पहुंचाया गया.वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई.बताया गया है कि दोनों मृतक आपस में मौसेरे भाई थे. हादसे में दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है.रविवार को पुलिस की मौजूदगी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया.पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है।



पोस्टमार्टम केंद्र के बाहर मृतक के परिजन और इनसेट में दोनों मृतक

### केन-बेतवा परियोजना में 14 परिवारों का पुनर्वास

# प्रशासन ने खाली मकानों को किया जमींदोज

**छतरपुर, 31 मई. केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास एवं विस्थापन की प्रक्रिया को जिला प्रशासन द्वारा लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है.प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें नए स्थानों पर बसाने का कार्य किया जा रहा है.**

**परियोजना के तहत ग्राम ककरा में पुनर्वास प्रक्रिया तेज**



इसी क्रम में बीती शाम ग्राम ककरा के 14 विस्थापित परिवारों ने मुआवजा पैकेज की राशि प्राप्त करने के बाद पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की.इनमें बल्लू गोंड, पूरन गोंड, राजाराम गोंड, बिन्द्रावन गोंड, हनुमत गोंड, आशाराम यादव, सुंदर सिंह गोंड, दशरथ गोंड, बंदू गोंड, रामविशाल गोंड, गिरजा गोंड, रामप्रसाद गोंड, किशोरी गोंड एवं रामलाल गोंड सहित अन्य हितग्राही शामिल हैं.सभी परिवार अपने नए निवास स्थलों के लिए रवाना हो गए.पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खाली पड़े मकानों को जमींदोज करने की कार्रवाई की गई.प्रशासन का कहना है कि परियोजना से प्रभावित परिवारों के हितों का ध्यान रखते हुए पुनर्वास कार्य पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है.

# एक साल में ही उखड़ने लगी है सीसी सड़क

## ग्रामीणों ने लगाया घटिया निर्माण का आरोप

**चंदला 31 मई. ग्राम पंचायत सिमरिया में कराए गए सीसी सह नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.**

ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से जून 2025 में निर्मित सड़क एक वर्ष भी नहीं टिक सकी और जगह-जगह से दरकने व टूटने लगी है, मामला सिमरिया दशरथ पुरवा मार्ग स्थित श्मशान घाट के पास मेन रोड से गोरेलाल पटेल के मकान तक बनाए गए लगभग 150 मीटर लंबे सीसी सह नाली

**जांच की मांग**

निर्माण कार्य का है. ग्रामीण कामता पटेल, दयाराम पटेल सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में न तो नियमानुसार बेस डाला गया और न ही निर्धारित मोटाई रखी गई.उनका कहना है कि सड़क की वास्तविक मोटाई कई स्थानों पर मात्र 3 इंच के आसपास है, जबकि किनारों पर मिट्टी खोदकर मोटाई अधिक दिखाने का प्रयास किया गया.आरोप है कि निर्माण में मनमाने ढंग से सामग्री का उपयोग किया गया और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई. ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच नहीं की.ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों, सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा निर्माण में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है. इस संबंध में लवकुशनगर जनपद सीईओ भारती ठाकुर से दूरभाष के द्वारा संपर्क किया गया लेकिन उन्होंन फोन रिसीव नहीं किया. लवकुशनगर जनपद एसडीओ राजेश विश्वकर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं 2 माह पहले पदस्थ हुआ हूं. आपने जानकारी दी है मैं स्वयं जांच करूंगा.

**▸ रमझाला में भी शिकायत**

ग्राम पंचायत रमझाला में लगभग एक माह पूर्व 3 लाख 90 हजार रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं .यह सड़क संतु प्रजापति के मकान से पंचा कोरी के मकान तक लगभग 150 मीटर लंबाई में बनाई गई है .ग्रामीण दयाराम अनुरागी एवं विश्राम सिसोदिया ने बताया कि जिस स्थान पर नई सीसी सड़क का निर्माण किया गया है, वहां पहले से ही सीसी सड़क मौजूद थी .आरोप है कि पुरानी सड़क के ऊपर निर्धारित मानकों के अनुसार 8 इंच मोटाई की जगह मात्र लगभग 2 इंच सीसी डालकर निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया.

### एक नजर में



#### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पांच लोग घायल

**छतरपुर.** चंदला क्षेत्र के गणपत फोड़ा गांव निवासी पांच लोग सड़क हादसे में घायल हो गए .जानकारी के अनुसार अंशिका, आशा, नीरज, अखिलेश और नंदिनी अटरिया बाबा के यहां आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे .इसी दौरान बंसिया के आगे तलैया के पास एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी . हादसे में बाइक सवार सभी पांच लोग घायल हो गए .घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है .बताया जा रहा है कि सभी घायलों को चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है .परिजनों ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे घटना की जानकारी दी .पुलिस मामले की जांच कर रही है .



#### जटाशंकर धाम ट्रस्ट समिति के चुनाव कराने की मांग

**बिजावर .** भाजपा जिला उपाध्यक्ष राममनोहर तिवारी ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार से मुलाकात कर श्री जटाशंकर धाम ट्रस्ट प्रबंध समिति के चुनाव कराने की मांग उठाई . उन्होंने मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ट्रस्ट समिति का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए, जिससे धार्मिक स्थल के विकास और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता बनी रहे . तिवारी ने इस संबंध में जिला प्रशासन और कलेक्टर छतरपुर को भी पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है .उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट समिति के चुनाव शीघ्र कराए जाएं, ताकि धाम के विकास कार्यों को गति मिल सके .

# बच्चों ने नाटक, नृत्य, कला प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**छतरपुर, 31 मई.** शहर के गांधी आश्रम में एक माह तक संचालित समर कैंप का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया.समापन समारोह में बच्चों ने नाटक, गायन, नृत्य और कला प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, नागरिक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे.

**गांधी आश्रम में एक माह का समर कैंप सम्पन्न**

**अंधेर नगरी चौपट राजा' नाटक बना आकर्षण का केंद्र**



समारोह का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रसिद्ध नाटक 'अंधेर नगरी चौपट राजा' रहा.नाटक में कलाकारों की प्रभावशाली अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी और मंच संचालन ने दर्शकों को प्रभावित किया.इसके अलावा बच्चों ने समूह नृत्य, गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं. समर कैंप के दौरान बच्चों को नाटक, गायन, पेंटिंग और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया था.समापन अवसर पर बच्चों ने सीखे गए कौशलों को मंच पर प्रस्तुत कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया.उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना की.

कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई.प्रदर्शनी में प्रकृति, पर्यावरण, सामाजिक विषयों और कल्पनाशील चित्रों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया.

# सोते समय महिला को सांप ने डसा, मौत

## झाड़-फूंक के बाद अस्पताल में हुआ विवाद

**छतरपुर, 31 मई.** जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव निवासी 25 वर्षीय हर्षिनी शिवहरे पत्नी गोकुल प्रसाद शिवहरे की संदिग्ध सर्पदंश से मौत हो गई.घटना शनिवार रात की बताई जा रही है.

> मृतका के मायके पक्ष के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए . उनका आरोप था कि उन्हें घटना और मौत की सूचना समय पर नहीं दी गई .इसी बात को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई .कुछ समय के लिए अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई . रविवार को जिला अस्पताल में महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया . पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है .

जानकारी के अनुसार हर्षिनी अपने घर में सो रही थी, तभी उसे किसी विषैले जीव अथवा सर्प ने डस लिया.सुबह तबीयत बिगड़ने पर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी. परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया.हालत में सुधार नहीं होने और स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया.झांसी पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद हर्षिनी को मृत घोषित कर दिया. मृत्यु की पुष्टि होने के बावजूद परिजनों को विश्वास नहीं हुआ. वे शव को लेकर पहले राठ-पनवाड़ी क्षेत्र में झाड़-फूंक कराने पहुंचे.वहां से भी संतुष्टि नहीं मिलने पर शव को टीकमगढ़ ले जाया गया, जहां भी झाड़-फूंक कराई गई. इसके बाद शाम को परिजन शव को पुन: जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने दोबारा जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया.

# पुलिस हिरासत में मौत के मामले हाईकोर्ट पहुंचे

**छतरपुर, 31 मई.** जिले में पुलिस हिरासत और थानों से जुड़े घटनाक्रमों में हुई चार मौतों के मामले अब हाई कोर्ट पहुंच गए हैं. सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष दीक्षित की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक जैन और जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की अवकाशकालीन खंडपीठ ने राज्य सरकार, डीजीपी, सागर रेंज आईजी, छतरपुर एसपी तथा संबंधित थाना प्रभारियों से चार सप्ताह में जवाब मांगा है.मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी.

**सरकार और पुलिस अधिकारियों से जवाब तलब**

**हाई कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के दिए निर्देश**



> याचिका में राजनगर, चंदला, गौरिहार और कोतवाली थाना क्षेत्र से जुड़े चार मौतों के मामलों का उल्लेख किया गया है .याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सभी मामलों में मृतकों के शरीर पर चोट के निशान पाए गए और परिजनों ने पुलिस प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं . हाई कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित थानों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं .राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि दो मामलों में न्यायिक जांच के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं .

**यूसीसी बिल** ▸ **उच्च स्तरीय समिति ने किया संवाद, विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने रखे अपने विचार**

# समान नागरिक संहिता के लिए छतरपुर में लिए सुझाव

**छतरपुर, 31 मई.** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए विधि विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के जनपरामर्श एवं सुझाव कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, छतरपुर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ.बैठक में जिले के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, शिक्षाविद, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी तथा विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने भाग लिया.

बैठक में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया, जिला शिक्षा अधिकारी कौशल सिंह, पीओडूडा साजिदा कुरैशी, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च स्तरीय समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ कानूनविद् अनूप नायर ने की.कानूनविद् अनूप नायर ने उपस्थित नागरिकों को समान नागरिक संहिता की अवधारणा, उसके संवैधानिक आधार, उद्देश्य और समाज पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी.उन्होंने कहा कि जनपरामर्श प्रक्रिया का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि तैयार की जाने वाली रिपोर्ट संतुलित, तथ्यपरक और व्यावहारिक हो. बैठक के दौरान विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और पारिवारिक कानूनों से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए.कई वक्ताओं ने सामाजिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और न्यायिक एकरूपता के दृष्टिकोण से यूसीसी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला.





# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता अभियान

**गौरिहार, 31 मई.** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पलटा में पंचायत भवन परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम में उमंग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरिहार की प्रशिक्षक जूनियर डॉक्टर भावना राजे प्रजापति ने लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों सहित कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है.कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया.